Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made an announcement regarding seating arrangement.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कोरोना महामारी के प्रभाव को देखते हुए परस्पर उचित दूरी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान माननीय सदस्यों के बैठने की व्यवस्था केंद्रीय कक्ष के साथ-साथ लोक सभा और राज्य सभा के चैम्बर में भी की गई थी ।

सत्र के दौरान भी परस्पर उचित दूरी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, मैंने लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमों के नियम-2 के तहत निदेश दिया है कि इस सत्र में लोक सभा की कार्यवाही के संचालन के दौरान माननीय सदस्यों के बैठने की व्यवस्था लोक सभा कक्ष, लॉबी और दीर्घाओं के अलावा राज्य सभा के कक्ष, लॉबी और दीर्घाओं में भी की जाएगी ।

उसी प्रकार, राज्य सभा की कार्यवाही के संचालन के दौरान नियम 384 के प्रावधानों में छूट देते हुए राज्य सभा के माननीय सदस्यों के बैठने की व्यवस्था लोक सभा चैम्बर में भी की जाएगी ।

मैं आशा करता हूं कि सभा मेरे इस प्रस्ताव से सहमत होगी ।